HUMAN RESOURCES DIVISION, HEAD OFFICE
मानव संसाधन प्रभाग, प्रधान कार्यालय
PLOT NO. 4, SECTOR 10, DWARKA, NEW DELHI – 110075
प्लाट नं 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

| | |
|---|---|
| **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | **24.01.2025** |

## पंजाब नैशनल बैंक भारतीय नागरिकों से बैंक की सीनियर हॉकी टीम के लिए खेल कोटा के अंतर्गत लिपिक/अधीनस्थ संवर्ग में हॉकी खिलाड़ियों (पुरुष) की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

| पद कोड | पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राहक सेवा सहयोगी (खिलाड़ी-पुरुष) | लिपिक | **09** | 24050-1340/3-28070-1650/3-33020-2000/4-41020-2340/7-57400-4400/1-61800-2680/1-64480 |
| 02 | कार्यालय सहायक (खिलाड़ी-पुरुष) | अधीनस्थ | | 19500-665/4-22160-830/5-26310-990/4-30270-1170/3-33780-1345/3-37815 |

## 1. पात्रता मानदंड

| पद का नाम | श्रेणी | आयु (01.01.2025 को)* | शैक्षणिक योग्यता (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को) | खेल (हॉकी) योग्यता (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|---|
| ग्राहक सेवा सहयोगी (खिलाड़ी-पुरुष) | लिपिक | न्यूनतम – 20 वर्ष<br>अधिकतम – 28 वर्ष | स्नातक | उम्मीदवार के पास निम्नलिखित में से कोई एक या अधिक खेल योग्यता होनी चाहिए: -<br>i) वे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में राज्य या देश का प्रतिनिधित्व किया हो।<br>ii) वे खिलाड़ी जिन्होंने हॉकी में अंतर-विश्वविद्यालय खेल बोर्डों द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो।<br>iii) वे खिलाड़ी जिन्होंने हॉकी में अखिल भारतीय स्कूल खेल महासंघ द्वारा विद्यालयों के लिए आयोजित राष्ट्रीय खेलों में राज्य विद्यालय टीमों का प्रतिनिधित्व किया हो ।<br>iv) वे खिलाड़ी जिन्हें राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान के अंतर्गत शारीरिक दक्षता में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया हो। |
| कार्यालय सहायक (खिलाड़ी-पुरुष) | अधीनस्थ | न्यूनतम – 18 वर्ष<br>अधिकतम – 24 वर्ष | बारहवीं पास | |

* लिपिक पद के लिए, अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.01.2005 के बाद तथा दिनांक 02.01.1997 से पहले नहीं हुआ होना चाहिए (दोनों तिथियां सम्मिलित)
* अधीनस्थ पद के लिए, अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.01.2007 के बाद तथा दिनांक 02.01.2001 से पहले नहीं हुआ होना चाहिए (दोनों तिथियां सम्मिलित)

**नोट:**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 24.01.2025 तक** उम्मीदवारों के पास उपर्युक्त योग्यताएं होनी चाहिए और इस दावे के समर्थन में प्रासंगिक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे। **निर्धारित योग्यता का परिणाम दिनांक 24.01.2025 को या उससे पूर्व घोषित होना चाहिए** और परिणाम की घोषणा की सही तिथि का स्पष्ट रूप से उल्लेख डिग्री/ प्रमाण-पत्र में किया होना चाहिए। इस मामले में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 2. ऊपरी आयु सीमा में छूट

| क्रमांक | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| (i) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | **05 वर्ष** |
| (ii) | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) | **03 वर्ष** |

**नोट:**

क. आयु में छूट चाहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय तथा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में बैंक द्वारा मांगे जाने पर आवश्यक प्रमाण-पत्र मूल /प्रतियां जमा करने होंगे और ऐसा न करने पर उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी अथवा उनकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जा सकती है।

ख. जाति प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के पास समय-समय पर जारी भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-क्रीमी लेयर खंड (जिन्हें भारत सरकार के तहत सिविल पदों और सेवाओं में आरक्षण के लाभों से बाहर रखा गया है) के साथ नवीनतम एवं वैध ओबीसी प्रमाण पत्र होना चाहिए।

## 3. चयन प्रक्रिया

क. खेल प्रदर्शन/फील्ड ट्रायल और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। केवल पात्रता मानदंडों को पूर्ण करने से उम्मीदवार चयन हेतु बुलाए जाने के लिए पात्र नही होगा।

ख. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही फील्ड ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा। फील्ड ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवारों को अंतिम चयन के लिए साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

## 4. आवेदन शुल्क

कोई आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार नहीं लिया जायेगा।

## 5. आवेदन कैसे करें

क. उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन के साथ बैंक की वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप में ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से आवेदन जमा करना आवश्यक है।

ख. उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर निर्धारित आवेदन पत्र डाउनलोड करेंगे, उसे भरेंगे और **"पंजाब नैशनल बैंक में 09 हॉकी खिलाड़ियों (पुरुष) की भर्ती (वित्त वर्ष 2024-25)"** लिखे हुए लिफाफे में अपेक्षित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ इसे नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत / स्पीड पोस्ट द्वारा बैंक को भेजेंगे **जोकि दिनांक 24.01.2025 तक बैंक को प्राप्त हो जाना चाहिए।**

**मुख्य प्रबंधक (भर्ती अनुभाग), मानव संसाधन प्रभाग, पंजाब नैशनल बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, प्रथम तल, पश्चिम विंग, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075**

ग. आवेदन सभी तरह से पूर्ण होने चाहिए और अपूर्ण आवेदन अर्थात निर्धारित प्रारूप में न भरा होना, प्रासंगिक दस्तावेजों द्वारा समर्थित न होना, उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित न होना, या किसी अन्य प्रकार से अपूर्ण आवेदनों पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। **निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर भी विचार नहीं किया जाएगा।**

घ. उम्मीदवार भरे हुए आवेदन पत्र की एक फोटोकॉपी अपने पास रखें, क्योंकि फील्ड ट्रायल/साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत करना होगा।

ड़. **सभी उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक/खेल योग्यता/जाति प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से भेजें।**

## 6. चरित्र सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण

क. नियुक्त किए जाने वाले खिलाड़ी का चरित्र और पूर्ववृत्त ऐसा होना चाहिए कि वह बैंक की सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त न हो। नियुक्ति के समय चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन किया जाएगा और सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने तक खिलाड़ी बैंक की सेवा में स्थायी होने का पात्र नहीं होगा। आपराधिक रिकॉर्ड की जांच के लिए पुलिस सत्यापन के अतिरिक्त, खिलाड़ी सेवा में कार्यग्रहण करते समय चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के उद्देश्य से दो व्यक्तियों का संदर्भ भी देंगे, जो उससे संबंधित न हों ।

ख. सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को, चाहे वे किसी भी संवर्ग से संबन्धित हों, बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में, जिला सरकारी अस्पताल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी या नियंत्रण कार्यालय में नियुक्त बैंक के चिकित्सा सलाहकार द्वारा जारी फिटनेस का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

## 7. खिलाड़ियों की भर्ती के लिए पात्रता पर प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु सक्षम प्राधिकारियों की सूची

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | प्रमाण पत्र प्रदान करने वाला प्राधिकरण* |
|---|---|---|
| 1 | अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ/एसोसिएशन के सचिव |
| 2 | राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राज्य संघ के सचिव |
| 3 | अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट | संबंधित विश्वविद्यालय के डीन/खेल निदेशक या खेल के समग्र प्रभारी अन्य अधिकारी |
| 4 | राष्ट्रीय खेल/विद्यालयों के लिए खेल | राज्य के लोक शिक्षण/शिक्षा निदेशालय में विद्यालयों के लिए खेल/खेलों के समग्र प्रभारी निदेशक या अपर/संयुक्त या उप निदेशक |
| 5 | शारीरिक दक्षता ड्राइव | शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के शारीरिक दक्षता के समग्र प्रभारी सचिव या अन्य अधिकारी |

***प्रारूप का नमूना बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है**

## 8. वरीयता क्रम

क. **प्रथम वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जाएगी** जिन्होंने युवा मामले एवं खेल विभाग की अनुमति से किसी **अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो**।

ख. **अगली वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जायेगी** जिन्होंने युवा मामले और खेल विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित या भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित **राष्ट्रीय खेलों में सीनियर या जूनियर स्तर की राष्ट्रीय चैंपियनशिप** में **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हो और तृतीय स्थान तक के पदक जीते हों।** सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप/खेलों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों में से, सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने और पदक जीतने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग. **अगली वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जायेगी**, जिन्होंने भारतीय विश्वविद्यालय संघ/अंतर विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा आयोजित **अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो** और **तृतीय स्थान तक के पदक जीते हों या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो** ।

घ. **अगली वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जाएगी** जिन्होंने अखिल भारतीय स्कूल खेल महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल/स्कूली खेलों में राज्य के स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया हो और **तृतीय स्थान तक पदक जीते हों या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो**।

ङ. **अगली वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जाएगी**, जिन्हें राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान के अंतर्गत **शारीरिक दक्षता में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया हो**।

च. **अगली वरीयता उन उम्मीदवारों को दी जायेगी**, जिन्होंने श्रेणियों (**ख**) से (**घ**) में उल्लिखित स्तर पर राज्य / केंद्र शासित प्रदेश / विश्वविद्यालय / राज्य स्कूल टीमों का प्रतिनिधित्व किया हो, परंतु उसी वरीयता क्रम में **पदक या स्थान न जीत सके हों**।

**नोट**:
(i) बराबरी **(**Tie**)** की स्थिति में, उच्च स्थान प्राप्त करने वाले या एक से अधिक पदक जीतने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी।
(ii) व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा/आइटम में भागीदारी को समान प्राथमिकता दी जायेगी।
(iii) एक से अधिक पदक/ स्थान प्राप्त करने पर कोई वरीयता नहीं दी जाएगी।
(iv) किसी टूर्नामेंट की स्थिति के बारे में किसी भी संदेह की स्थिति में, इस मामले का निर्णय बैंक स्तर पर इस उद्देश्य के लिए नामित सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## 9. उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बैंक निम्नलिखित में से एक या अधिक प्रोत्साहन प्रदान करता है -

क. **समय से पहले पदोन्नति -** किसी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्टता के लिए पात्रता और शर्तों के अधीन पूरे सेवा काल में अधिकतम 03 (तीन) समय से पहले पदोन्नति दी जा सकती है**।**

ख. **अतिरिक्त वेतन वृद्धि -** किसी खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 01 (एक) अतिरिक्त वेतन वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 02 (दो) अतिरिक्त वेतन वृद्धि दी जा सकती है, जो उसके पूरे सेवाकाल में अधिकतम 05 (पांच) अतिरिक्त वेतन वृद्धि के अधीन होगी**।**

ग. **नकद प्रोत्साहन** - किसी खिलाड़ी को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने / बैंक की टीम/व्यक्तिगत स्पर्धाओं और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करने या टीम स्पर्धा/व्यक्तिगत क्षमता में कोई राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ने/बनाने पर नकद प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

**नोट:**

(i) बैंक खिलाड़ियों को विभिन्न प्रयोजनों के लिए **विशेष आकस्मिक अवकाश** प्रदान करता है, जिसमें राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय महत्व के खेल आयोजनों में भागीदारी, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महत्व के खेल आयोजनों से संबंधित चयन-पूर्व ट्रायल/शिविर में भाग लेना आदि सम्मिलित है।

(ii) सभी सक्रिय खिलाड़ी कर्मचारी जो वर्तमान में खेल रहे हैं और बैंक/राज्य/देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं , वे आवश्यकता के आधार पर, व्यक्ति/टीम के अनुरोध पर अभ्यास के लिए **कार्य समय में छूट** सुविधा के लिए पात्र होंगे।

(iii) बैंक की ओर से टूर्नामेंट में भाग लेने वाले लिपिकीय/अधीनस्थ संवर्ग के खिलाड़ी, जेएमजी स्केल-I के अधिकारियों के लिए लागू पात्रता के अनुसार भोजन, आवास और टीए/डीए के लिए पात्र होंगे। ऐसे कर्मचारियों को बैंक का प्रतिनिधित्व करते हुए टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्वयं द्वारा किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी।

(iv) खिलाड़ी के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा और यदि प्रदर्शन असंतोषजनक पाया जाता है, तो प्रदर्शन मूल्यांकन समिति खिलाड़ी की सेवाओं को सामान्य कर्मचारी के रूप में उपयोग करने की सिफारिश/अनुशंसा कर सकती है। इसके बाद खिलाड़ी की सेवाओं का उपयोग बैंक की आवश्यकता के अनुसार बैंक के सामान्य कर्मचारी के रूप में किया जाएगा।

(v) बैंक की सीनियर हॉकी टीम के हॉकी खिलाड़ियों को बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य स्थानांतरण/तैनाती के अधीन, उनके सक्रिय खेल कैरियर के बाद, केवल पहली बार, उनकी पसंद के मंडल में तैनात किया जाएगा ।

## 10. सामान्य निर्देश

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऊपर उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है । एक बार जमा किए गए आवेदन को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/मिथ्या जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य/सूचना को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि उमीदवार की नियुक्ति के बाद भी कोई कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। ऐसी स्थिति में, उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी चलाया जा सकता है।

ii. यदि उम्मीदवार उस पद के लिए अयोग्य पाया जाता है जिसके लिए उसने आवेदन किया है, तो बैंक भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा। उम्मीदवारों की पात्रता, पात्रता की जांच का चरण, योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड, फील्ड ट्रायल/साक्षात्कार आदि के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ और भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य मामले के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii. इस योजना के अंतर्गत केवल भारतीय नागरिक ही नियुक्ति के पात्र हैं।

iv. नियुक्ति के समय, उम्मीदवार को सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए तथा भविष्य में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

v. इस योजना के अंतर्गत सभी नियुक्तियां पूर्ण रूप से बैंक के विवेकाधीन होंगी तथा संबंधित श्रेणी/पद के वेतनमान के प्रारंभिक चरण पर की जाएंगी।

vi. नियुक्ति और पात्रता पर विचार करने से पूर्व उम्मीदवारों के पास निर्धारित प्रमाणन प्राधिकारियों द्वारा जारी हॉकी में उपलब्धि/दक्षता से संबंधित प्रमाण पत्र होना चाहिए। खेल /खेल प्रमाणपत्र/उपलब्धियों का सत्यापन उन्हें जारी करने वाली प्राधिकरण के साथ बैंक द्वारा स्वतंत्र रूप से से किया जा सकता है।

vii. नियुक्त किए गए सभी खिलाड़ी संबंधित श्रेणी के सामान्य उम्मीदवारों पर लागू नियमों/नीतियों/पुरस्कारों के अधीन होंगे। नियुक्त खिलाड़ी सामान्य उम्मीदवारों के समान ही निर्धारित अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेंगे।

viii. योजना के प्रावधानों के अंतर्गत भर्ती किए गए खिलाड़ी को जब भी और जहाँ भी आवश्यक होगा, बैंक की टीम के लिए खेलना होगा। यदि किसी खिलाड़ी कर्मचारी को राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना होगा, तो उसे बैंक की पूर्व अनुमति लेनी होगी, जिसे सामान्यतः अस्वीकार नहीं किया जाएगा, परंतु बैंक के पास बिना कोई कारण बताए अपने विवेक से ऐसी अनुमति पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार होगा। बैंक की टीम के लिए खेलने से मना करना या कहीं और खेलने के लिए बैंक की पूर्व अनुमति प्राप्त न करना कदाचार माना जाएगा और लागू सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन नियमों के अंतर्गत भर्ती किए गए सभी खिलाड़ियों को बैंक में अपनी नियुक्ति के समय बैंक को इस आशय का लिखित वचन देना होगा।

ix. विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन जमा करने और विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने मात्र से उम्मीदवार फील्ड ट्रायल/साक्षात्कार में बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही फील्ड ट्रायल/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

x. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता होगी।

xi. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उनके चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित होने के अधीन है। ऐसी नियुक्ति बैंक की सेवा, आचरण नियमों और नीतियों के अधीन भी होगी।

xii. नवीनतम पहचान किए जाने योग्य रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आवेदन पत्र पर अच्छे से चिपकाया जाना चाहिए और उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपना रूप न बदलें। फील्ड ट्रायल/ साक्षात्कार के समय एक समान फोटो प्रस्तुत न करने पर उमीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है । उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके द्वारा सभी स्थानों पर किए गए हस्ताक्षर जैसे आवेदन पत्र, उपस्थिति शीट आदि पर और भविष्य में बैंक के साथ किए जाने वाले सभी पत्राचार में एक समान होने चाहिए और इनमें किसी भी प्रकार की कोई भिन्नता नहीं होनी चाहिए।

xiii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय तथा बैंक द्वारा मांगे जाने पर किसी भी स्तर पर अपने दावे के समर्थन में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

xiv. जो अभ्यर्थी सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत हैं, उन्हें फील्ड ट्रायल/साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत करना होगा, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

xv. इस विज्ञापन के अंतर्गत भर्ती की प्रक्रिया से संबंधित और/या अन्य विवाद का निपटान केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

xvi. यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य संस्करण की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

xvii. संपर्क नंबर/पता/ई-मेल आईडी/साक्षात्कार केंद्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

xviii. बैंक किसी भी संचार में विलंब/अप्राप्त या खो जाने के लिए उत्तरदायी नही होगा।

xix. बैंक पारगमन में आवेदन के खो जाने और/या आवेदन/किसी भी संचार प्राप्ति में देरी/अप्राप्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है।

xx. उम्मीदवार के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जिसे आवेदन में दर्शाया जाएगा तथा भर्ती प्रक्रिया की अवधि के दौरान कॉल लेटर और अन्य संचार, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए सक्रिय रखा जाए।

xxi. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन जानकारी/नोटिस/निर्देशों के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट **www.pnbindia.in** पर भर्ती/कैरियर देखें।

xxii. चयनित उम्मीदवारों को दिल्ली में पदस्थ किया जाएगा। हालांकि, उन्हें बैंक की भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार भारत में किसी भी स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

## 11. अस्वीकरण

i. बैंक को किसी भी चरण पर, आवश्यकता या अन्य आधार पर, भर्ती प्रक्रिया को रद्द/बंद/परिवर्तन का अधिकार होगा तथा इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

ii. **उम्मीदवारों के लिए बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे गए या बैंक में पंजीकरण के समय आवेदन में उल्लिखित ई-मेल आईडी पर भेजे गए किसी भी नोटिस / पत्राचार को सभी उद्देश्यों के लिए पर्याप्त सूचना समझा जाएगा।**

**iii.** बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई बिना कारण बताए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय भर्ती प्रक्रिया को आंशिक रूप से/पूरी तरह से रद्द कर सकता है।

**दिनांक: 01.01.2025** **महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास)**